प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अयाध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर फहराएंगे धर्म ध्वजः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज तैयारियों का लिया जायज़ा।
2. रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने बागपत के बड़ौत रेलवे स्टेशन से दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवानाः कहा– प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए मिशन के रूप में काम कर रही है सरकार।
3. राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने लखनऊ में 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के हीरक जयंती समारोह का किया शुभारंभः आयोजन में देश–विदेश से लगभग 30 हज़ार से अधिक स्काउट्स एंड गाइड्स कैडेट्स हो रहे हैं शामिल। और
4. जाने माने फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र का 89 वर्ष की आयु में हुआ निधनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत प्रदेश के कई प्रमुख नेताओं ने जताया दुख ।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराएंगे। इस दौरान श्री मोदी अयोध्या शहर में एक रोड शो भी करेंगे। कल के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या पहुंचकर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों का जायज़ा लिया। पेश है एक रिपोर्ट–

*प्रधानमंत्री का अयोध्या में प्रस्तावित आगमन कल सुबह करीब 10 बजे होगा। प्रधानमंत्री सबसे पहले सप्पमंदिर और शेषावतार मंदिर जाएंगे। लगभग 11 बजे, वह माता अन्नपूर्णा और राम दरबार गर्भ गृह में दर्शन और पूजन करेंगे । दोपहर 12 बजे, अभिजीत मुहूर्त में प्रधानमंत्री श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराएंगे, जो मंदिर के निर्माण–कार्य के पूरा होने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री इस ऐतिहासिक मौके पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

राम मंदिर के शिखर पर फहराया जाने वाला ध्वज दस फ़ीट ऊंचा और बीस फ़ीट लंबा है। इस तिकोने भगवा ध्वज पर चमकते हुए सूरज की तस्वीर है। साथ ही इस पर कोविदार पेड़ के चित्र के साथ ॐ अंकित है जो राम राज्य के आदर्शों के अनुरूप गरिमा, एकता और सांस्कृतिक निरंतरता का संदेश देगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कल होने वाला ध्वजारोहण समारोह हर राम भक्त के लिए बहुत खास है। बाइट–

*आज सबसे बड़ा दिन है हर राम भक्त के लिए, हर पूज्य साधु संत के लिए, हर राष्ट्रभक्त के लिए, हर कार्य सेवक के लिए, हर श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के एक–एक कार्यकर्ता और सिपाही के लिए क्योंकि यह जो धर्म ध्वजा लगने जा रही है, यह जो करोड़ों राम भक्तों ने संघर्ष किया, लाखों राम भक्तों ने जो बलिदान दिया, उनके त्याग, तपस्या, बलिदान का प्रतीक होगा और इससे पूरा देश अनंत काल तक गौरव की अनुभूति करेगा।*

**ध्वजारोहण से पहले अयोध्या में उत्सव का माहौल है। श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत करीब 7000 विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।**

**बाइट**– *राम विवाह पंचमी राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वज चढ़ाया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महोदय और उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सभी न्यासी उपस्थित रहेंगे। अयोध्या के ज्यादा से ज्यादा संत महात्मा उपस्थित रहेंगे। पूर्वी उत्तर प्रदेश के समाज को बुलाया गया है।पूर्वी उत्तर प्रदेश का सारा समाज समाज का रिप्रेजेंटेटिव वर्ग यहां उपस्थित रहेगा, लगभग 7,000 संख्या इस पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाली है।*

**ध्वजारोहण समारोह में शामिल होने के लिए फ़तेहपुर, बलरामपुर, श्रावस्ती समेत कई ज़िलों से भक्त अयोध्या के लिए रवाना हो रहे हैं। वहीं मिर्जापुर के देवरहा बाबा आश्रम से 205 कुंतल लड्डू अयोध्या भेजे जाएंगे। रामलला को भोग**

लगाने के बाद इन्हें प्रसाद के रूप में भक्तों में वितरित किया जाएगा।

———————————

रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज बागपत के बड़ौत रेलवे स्टेशन से दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बड़ौत दिल्ली, शाहदरा के बीच चलने वाली इन दो नई मेमू ट्रेनों से बड़ौत, बागपत, शामली और आसपास के ज़िलों के यात्रियों को दिल्ली के लिए सस्ती और सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी। मीडिया से बातचीत के दौरान श्री वैष्णव ने कहा कि रेल मंत्रालय दिल्ली बागपत शामली सहारनपुर रेल मार्ग के विकास और दोहरीकरण पर काम शुरू कर चुका है। उन्होंने कहा कि इस रूट के विकसित होने से दिल्ली आने जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए मिशन के रूप में काम किया जा रहा है।

**बाइट**— *जब से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की जिम्मेदारी ली है तब से उत्तर प्रदेश रेलवे के विकास के लिए बहुत बड़ा एक मिशन की तरह काम चालू हुआ है। जहां पहले मात्र ₹1,100 करोड़ का बजट होता था पूरे उत्तर प्रदेश के लिए। वहां आज मोदी जी ₹20,000 करोड़ का बजट 25—26 का जो फाइनेंशियल ईयर चल रहा है। इसमें 19,858 यानी करीब—करीब 20,000 करोड़ का बजट है।इन 11 वर्षों में उत्तर प्रदेश में 5,272 किमी नए ट्रैक बने।*

इस अवसर पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने एक आधुनिक स्किल सेंटर का उद्घाटन भी किया । श्री चौधरी ने बताया कि बागपत के युवाओं को आधुनिक तकनीक और कौशल से जोड़कर स्किल हब बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

——————————

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पद की शपथ दिलाई। न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति बी. आर. गवई का स्थान लिया है। भारतके मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत का कार्यकाल लगभग 15 महीने का होगा।

——————————

प्रदेश के सभी जनपदों में एसआईआर प्रक्रिया का पहला चरण तेज़ी से पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में श्रावस्ती के ज़िला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी पांडेय ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने मतदाताओंसे अपील

की कि वे 4 नवंबर से पहले अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा करा दें।बाइट –

*मेरी आप के माध्यम से यही अपील रहेगी कि सभी जो हमारे सम्मानित मतदाता गण हैं, वह बीएलओ का जो गणना पत्रक उपलब्ध कराए गए हैं, उस उस पर अपना सही डिटेल भर दें। यदि उनके पास 2003 के एपिक डिटेल हैं तो उसको भी भर दें। माता–पिता का एपिक डिटेल है तो उसको भर दें, जिससे मैपिंग में सहूलियत मिले। साथ ही साथ एक अपनी रीसेंट की फोटो भी उपलब्ध कराएं, जिससे उसका डिजिटाइजेशन बीएलओ के माध्यम से कराया जा सके।*

जौनपुर में शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। स्थानीय निवासी राजेंद्र ने एसआईआर प्रक्रिया को सहराहनीय कदम बताते हुए कहा कि बीएलओ के सहयोग से सभी मतदाता अभियान में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

**बाइट**–*सरकार की अच्छी पहल है। सरकार अच्छा कार्य कर रही है और इसका परिणाम अच्छा होगा और डोर टू डोर यह ले जा रहे हैं। हम देख रहे हैं, खुद देख रहे हैं। सब सब का समस्या आ रही है। सब हल कर देना है। पूरा स्टाफ लगा हुआ है। इसको हल कर देना है कर देना है कोई दिक्कत नहीं है।*

————————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज लखनऊ में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के लिए यह गर्व का मौका है कि यह ऐतिहासिक आयोजन लखनऊ में हो रहा है। 29 नवम्बर तक चलने वाले इस आयोजन में देश–विदेश से लगभग 30 हज़ार से अधिक स्काउट्स एंड गाइड्स कैडेट्स शामिल हो रहे है। इस शो में करीब 1500 विदेशी प्रतिभागी भी हिस्सा ले रहे हैं। 300 एकड़ में फैले इस आयोजन स्थल पर 3,500 से अधिक टेंट लगाए गए हैं। सुरक्षा और सुविधा के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष, फायर स्टेशन, 100–बेड का अस्पताल और 16 डिस्पेंसरी भी बनाई गई हैं।

————————

गोवा के पणजी में 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पांचवें दिन भी सिनेमा प्रेमियों और कला प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी रही है।

एक रिपोर्ट –

*लेखन और एडिटिंग पर अपनी कार्यशाला में, राजकुमार हिरानी ने बताया कि लेखन के जरिए आप फिल्म की कल्पना करते हैं, जबकि एडिटिंग के जरिए आप फिल्म का अनुभव करते हैं। उन्होंने एक एडिटर की अनसुनी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फिल्म को उसका वास्तविक अर्थ एडिटिंग टेबल पर ही मिलता है। श्री हिरानी ने अपनी चुनिंदा फिल्मों में मौजूद विषय–वस्तुओं के बारे में भी बात की। प्रसिद्ध फिल्म प्रदर्शनियों में अल्बानियाई फिल्म – हाना कावर्ल्ड प्रीमियर हुआ और जापानी फिल्म – टू सीजन्स, टूस्ट्रेंजर्स, तथा गोविंद निहलानी की 1984 की फिल्म पार्टी भी दिखाई गई।*

*निखिल और सायरा के साथ, आदर्श, आकाशवाणी समाचार, पणजी।*

———————————

दिग्गज फिल्म अभिनेता पद्म भूषण धर्मेंद्र का आज मुंबई में एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे और लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य समेत कई गणमान्य हस्तियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि धर्मेंद्र का निधन भारतीय सिनेमा में एक युग का अंत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हे श्रद्धांजलि देते हुए

लिखा कि उनका जाना कला और फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है।

——————————